प्रेस विज्ञप्ति

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में दिग्विजयनाथ पी0जी0 कॉलेज में आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया

कम्प्यूटर लैब इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, शोध-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में विद्यार्थियों के लिए काफी मददगार साबित होगी : मुख्यमंत्री

डॉ0 तेज प्रताप शाही की गोरक्षपीठ के मूल्यों और आदर्शों के प्रति अटूट निष्ठा थी

प्रयोगशाला का निर्माण बच्चा बाबू के नाम से मशहूर कॉलेज के पूर्व शिक्षक डॉ0 तेज प्रताप शाही की स्मृति में उनके परिवार की ओर से कराया गया

लखनऊ : 06 अप्रैल, 2026 :: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थान दिग्विजयनाथ पी0जी0 कॉलेज में आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। प्रयोगशाला का निर्माण बच्चा बाबू के नाम से मशहूर रहे कॉलेज के पूर्व शिक्षक डॉ0 तेज प्रताप शाही की स्मृति में उनके परिवार की ओर से कराया गया है। मुख्यमंत्री जी ने इस कार्य के लिए स्व0 तेज प्रताप शाही के पुत्रों श्री अनन्य प्रताप शाही और श्री अतिरेक शाही को साधुवाद दिया और डॉ0 शाही की स्मृतियों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री जी बच्चा बाबू (स्व0 तेज प्रताप शाही) की गोरक्षपीठ के प्रति आगाध निष्ठा को याद कर भावुक हो गए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह कम्प्यूटर लैब इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, शोध-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में विद्यार्थियों के लिए काफी मददगार साबित होगी। महाविद्यालय में स्थापित यह अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह कार्यक्रम दिग्विजयनाथ पी0जी0 कॉलेज में लम्बे समय तक सेवा देने वाले प्रोफेसर, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य डॉ0 तेज प्रताप शाही की स्मृतियों को नमन करने के लिए आयोजित किया गया है। हम लोगों ने स्व0 हरि प्रसाद शाही को नहीं देखा था, लेकिन उनके पुत्रों विशेषकर डॉ0 तेज प्रताप शाही को बहुत नजदीक से कार्य करते हुए देखा है। समन्वय कैसे स्थापित किया जाता है और कैसे संबंधों को भी बनाए रखा जा सकता है, यह बच्चा बाबू से सीखा जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डॉ0 तेज प्रताप शाही गोरखपुर कांग्रेस के अध्यक्ष थे। एक समय राज्य और केन्द्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकारें थी, लेकिन कांग्रेस के साथ रहते हुए भी डॉ0 तेज प्रताप शाही गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त थे। गोरक्षपीठ के मूल्यों और आदर्शों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा थी। वह पूज्य महाराज ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी के साथ सदैव खड़े रहने वाले लोगों में थे। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी वह साथ रहे।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एम0एल0सी0 डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, विधायक ऋषि त्रिपाठी, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी तथा गोरखपुर के महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।